पूर्व राष्ट्रपति कलाम दूसरी बार आज बांटेंगे डिग्री

कुरुक्षेत्र | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (निट) कुरुक्षेत्र के गुरुवार को होने वाले 12वें दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विद्यार्थियों को डिग्री देंगे। संस्थान के ओपन एयर थिएटर में दोपहर तीन बजे होने वाले समारोह में 1174 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएंगी।

700 गमले महकेंगे स्वागत में : यह दूसरा मौका है जब डॉ. कलाम कुरुक्षेत्र में आ रहे हैं। इससे पूर्व अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान भी वे केयू के दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि के रूप में आ चुके हैं। मिसाइल मैन डॉ. कलाम के आगमन को लेकर निट प्रांगण में खुशी का माहौल है। उनके भव्य स्वागत के लिए मंच पर 700 मौसमी फूलों के गमले लगाए जाएंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. आनंद मोहन ने बताया कि दो शिक्षाविदों प्रो. प्रीतम सिंह व प्रो. एसजी ढांडे को मानद उपाधि दी जाएंगी। प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में प्रो. प्रीतम सिंह व तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में प्रो. एसजी ढांडे को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए डीएससी की मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। प्रो. प्रीतम सिंह आईआईएम लखनऊ व एमडीआई गुड़गांव के निदेशक रह चुके हैं। वहीं प्रो. एसजी ढांडे आईआईटी कानपुर के निदेशक रह चुके हैं। इन दोनों शिक्षाविदों को पद्मश्री से भी नवाजा जा चुका है।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम।